By Speed Post

मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड
Madhya Pradesh Tourism Board
The heart of Incredible India

क्रमांक 968/एमपीटीबी/रोपवे/2017 भोपाल,दिनांक 05/09/2017

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
मध्यप्रदेश शासन
भोपाल

विषय:- पचमढ़ी स्थित चौरागढ़ मंदिर तक रोप वे स्थापित किये जाने विषयक।

कृपया मेसर्स दामोदर रोप वे एण्ड इन्फ्रा लिमिटेड द्वारा कलेक्टर, होशंगाबाद को संबोधित पत्र क्रमांक DRIL/2017-18/027 दिनांक 7 अप्रैल 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें। (प्रति संलग्न) इस संबध मे कलेक्टर जिला होशंगाबाद द्वारा पत्र क्रमांक 63/रोपवे/2016-17 दिनांक 21.04.2017 के माध्यम से (प्रति संलग्न) क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, होशंगाबाद को मेसर्स दामोदर रोप वे एण्ड इन्फ्रा लिमिटेड को सर्वे कार्य हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु आग्रह किया है।

मेसर्स दामोदर रोप वे इन्फ्रा लिमिटेड द्वारा पत्र क्रमांक DRIL/2017-18/421 दिनांक 7 जुलाई 2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, होशंगाबाद से सम्पर्क करने पर बताया गया कि अनुमति हेतु प्रकरण पीसीसीएफ/चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन कार्यालय को अग्रेषित किया है।

आप अवगत ही है कि पचमढ़ी प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है तथा यहाँ पर पूरे वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। चौरागढ़ की दुरूह ऊंचाई के कारण अधिकांश पर्यटक इस रमणीक स्थल पर महादेव मंदिर के दर्शन से वंचित रह जाते है। इस परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये एवं पर्यटकों की मांग को ध्यान में रखते हुये यदि इस स्थल पर रोप वे की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है, तो इससे न केवल पर्यटक लाभांवित होंगे वरन् प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने के कारण राजस्व वृद्धि की संभावना है।

अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में त्वरित निर्णय लिया जाकर मेसर्स दामोदर रोप वे एवं इन्फ्रा लिमिटेड को सर्वे कार्य हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

प्रबंध संचालक

पृ.क्रमांक 969/एमपीटीबी/रोपवे/2017 भोपाल,दिनांक 05/09/2017

प्रतिलिपि

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर जिला होशंगाबाद मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, होशंगाबाद की ओर सूचनार्थ।
4. मेसर्स दामोदर रोप वे एवं इन्फ्रा लि. दामोदर हाऊस I/A Vansittart Row, Kolkata की ओर सूचनार्थ।

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड

O/C

Paryatan Bhawan, Bhadbhada Road, Bhopal - 462 003
Tel.: +91 755 4027100, 2774340-42 www.mptourism.com